
# 6 पोते का पत्र दादा जी के नाम

13 CLIMATE ACTION



## श्रुतलेखन शब्द

स्वर्ग वस्त्र कीमती मक्खन

पवित्र मूर्ति बौद्ध व्यवहार

स्वागत ईश्वर मुखौटे शताब्दी

गृहकार्य - शब्दार्थ कॉपी में लिखें।

## कुछ शब्दों में

प्र०(क) यह पत्र कहाँ से लिखा गया?

उत्तर यह पत्र तवांग से लिखा गया।

PAGE No.
DATE

प्र०'ख' यह पत्र पढ़कर आपको कैसा लगा?

यह पत्र पढ़कर मुझे तवांग की संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानकर अच्छा लगा।

प्र०'ग' तवांग में पहाड़ बर्फ़ से कब तक ढ़के रहते हैं?

उत्तर तवांग में पहाड़ दिसंबर से अप्रैल तक बरफ़ से ढके रहते हैं।

प्र०'घ' तवांगवासी अपने घरों के दरवाज़े और खिड़कियाँ क्यों बंद रखते हैं?

उत्तर तवांगवासी ठंड से बचने के लिए अपने घरों के खिड़की और दरवाज़े बंद रखते हैं।

## कुछ वाक्यों में

क) पर्यटक तवांग क्यों आते हैं?

तवांग की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर पर्यटकों को आकर्षित करती है। पर्यटक यहाँ सूर्योदय का नज़ारा, पहाड़ो की सुंदरता तथा बौद्ध मठों (गोंपा) को देखने आते हैं।

PAGE No.
DATE

(ख) मोनपा के लोग कैसे वस्त्र पहनते हैं?
मोनपा के लोग ठंड से बचने के लिए मोटे ऊनी कपड़े पहनते हैं। वे पारंपरिक रूप से ऊनी चादर और टोपी का भी प्रयोग करते हैं।

(ग) गोंपा की विशेषताएँ बताइए।
उत्तर गोंपा एक प्रसिद्ध बौद्ध-मठ है। इसमें भगवान बुद्ध की अठारह फुट छह इंच ऊँची मूर्ति है जिसके आसपास हजारों दीपक जलते रहते हैं। लामा लोग यहाँ अपना पवित्र धर्म-ग्रंथ पढ़ते रहते हैं।

(घ) लोसर त्योहार कैसे मनाया जाता है?
उत्तर लोसर त्योहार ~~ता~~ तवांग के लोगों के लिए नया साल शुरू होने का प्रतीक है। यह फरवरी में मनाया जाता है। लोग डफलियाँ और तुरही बजाते हुए नृत्य-नाटक करते हैं।

PAGE No.

DATE

अपने चेहरे पर अच्छी व बुरी आत्माओं के मुखौटे पहनते हैं जिसमें अच्छी आत्माओं की जीत होती है। इस अवसर पर वह अपने मेहमानों का खूब आदर करते हैं।

पुस्तक - कार्य

## बोलिए

1. **पढ़िए**

उ. छात्र स्वयं करें।

2. **बताइए**

**क.** किसने, किसे पत्र लिखा?

**उ.** यह पत्र मानु ने अपने दादाजी को लिखा।

**ख.** तवांग कितनी ऊँचाई पर है?

**उ.** तवांग समुद्र तल से लगभग 10,000 फ़ुट की ऊँचाई पर है।

**ग.** तवांग के निवासी कौन हैं?

**उ.** तवांग के निवासी मोनपा जनजाति के लोग हैं।

**घ.** तवांग का प्रमुख त्योहार कौन-सा है?

**उ.** तवांग का प्रमुख त्योहार लोसर है।

## लिखिए

1. **सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

| | | |
|---|---|---|
| क. | तवांग में किस जनजाति के लोग रहते हैं? | ✓ मोनपा |
| ख. | तवांग के घर किससे बने होते हैं? | ✓ पत्थर, लकड़ी |
| ग. | लोसर त्योहार किस महीने में मनाया जाता है? | ✓ फरवरी में |
| घ. | मोनपा स्त्रियाँ किसकी माला पहनती हैं? | ✓ कीमती पत्थरों की |

2. **पाठ के आधार पर अधूरे वाक्यों को पूरा कीजिए—**

क. तवांग का नामकरण 11वीं शताब्दी में ...मिराक लामा ने किया था।...

ख. ...ठंड से बचने के लिए तवांग के लोग... मोटे ऊनी कपड़े पहनते हैं।

ग. यहाँ के लोग चाय में ...नमक और मक्खन डालकर पीते हैं।...

घ. ये लोग मूली के पौधे में ...एक निशान बाँध देते हैं।...

3. **पाठांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

आपको पता है, ............................................ डालकर पीते हैं।

क. यहाँ गोभी के पौधे में कितने फूल लगते हैं?

उ. यहाँ गोभी के पौधे में चार-पाँच फूल लगते हैं।

ख. यहाँ के लोग मूली के पौधे में निशान क्यों बाँधते हैं?

उ. यहाँ के लोग मूली के पौधे में इसलिए निशान बाँधते हैं ताकि सरदियों में जब पौधे बरफ़ से ढक जाते हैं, तो वे इन्हीं निशानों के सहारे उन्हें निकाल लेते हैं।

ग. यहाँ के लोग किसमें मक्खन और नमक डालकर पीते हैं?

उ. यहाँ के लोग चाय में मक्खन और नमक डालकर पीते हैं।

घ. 'मक्खन' शब्द में आए संयुक्त वर्ण से एक और शब्द बनाइए।

उ. मक्खी।

## समझिए व्याकरण संबोध

1. **इन्हें जोड़कर नए शब्द बनाइए—**

शत + आब्दी = ···शताब्दी···

सूर्य + उदय = ···सूर्योदय···

नियम + इत = ···नियमित···

व्यवहार + इक = ···व्यवहारिक···

2. **श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए—**

**क.** सदा — ···हमेशा···

सादा — ···साधारण···

**ख.** कई — ···बहुत सारे···

काई — ···पत्थर पर जमने वाली बारीक रेशे जैसी घास···

**ग.** आदि — ···शुरुआत···

आदी — ···अभ्यस्त (आदत)···

**घ.** पत्र — ···चिट्ठी···

पात्र — ···किरदार, बरतन···

3. **निम्नलिखित शब्दों के लिए 'एकवचन' या 'बहुवचन' लिखिए—**

दवाई — ···एकवचन···

झील — ···एकवचन···

दरवाज़े — ···बहुवचन···

स्त्रियाँ — ···बहुवचन···

जनजाति — ···एकवचन···

खिड़कियाँ — ···बहुवचन···

मूली — ···एकवचन···

डफलियाँ — ···बहुवचन···

4. **क्रिया शब्दों पर गोला लगाइए तथा उनके सामने 'सकर्मक' या 'अकर्मक' लिखिए—**

**क.** मानू ने दादा जी को पत्र लिखा। ···सकर्मक···

**ख.** तवांग में मोनपा जनजाति के लोग रहते हैं। ···अकर्मक···

**ग.** सरदी से बचने के लिए लोग घरों में आग जलाते हैं। ···सकर्मक···

**घ.** दादी माँ घूमने गईं। ···अकर्मक···